पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना

जारी तिथि– 27.10.17 अन्तिम तिथि– 25.11.17

रेलवे बोर्ड के परिपत्र सं0–ई/ए0पी0पी0/6/14 दि0 6.10.15 एवं महा प्रबन्धक (का0) गोरखपुर के पत्र सं0–का/286/2/2/ए0ए0/भाग–।।/पांच दि0 25.10.17 के निर्देशानुसार एक्ट अप्रेन्टिस एक्ट 1961 के अर्न्तगत यांत्रिक डीजल शेड विभाग पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल में निम्नलिखित ट्रेडों में प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षुओं के चयन के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1– रिक्तियों का ट्रेड वाईज विवरण निम्न प्रकार है, जो आरडीएटी कानपुर एवं महाप्रबन्धक (का0) गोरखपुर के अनुसार यांत्रिक डीजल शेड इज्जतनगर मण्डल हेतु आवंटित है।

| क्रम सं0 | ट्रेड | कुल रिक्तियॉ | आरक्षण के अनुसार पदों का बॅटवारा | | | | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | अजा0 | अजजा0 | अपिव0 | |
| 1 | मशीनिष्ट | 01 | –– | –– | –– | 01 | 01 वर्ष |
| 2 | वेल्डर ( गैस एवं इलेक्ट्रिक) | 01 | –– | –– | –– | 01 | 01 वर्ष |
| 3 | इलैक्ट्रीशियन | 12 | 07 | 02 | –– | 03 | 01 वर्ष |
| 4 | मैकेनिक ( मोटर व्हीकल) | 05 | 02 | 01 | 01 | 01 | 01 वर्ष |
| 5 | मैकेनिक (डीजल) | 22 | 10 | 03 | 02 | 07 | 01 वर्ष |
| 6 | इलैक्ट्रानिक्स (मैकेनिक) | 02 | 01 | –– | –– | 01 | 01 वर्ष |
| 07 | प्रोग्रामिंग एण्ड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन असिस्टेन्ट ( PASAA ) | 03 | 02 | 01 | –– | –– | 01 वर्ष |
| 8 | सेकेट्रियल प्रेक्टिस | 02 | 01 | –– | –– | 01 | 6 माह |
| | योग | 48 | 23 | 07 | 03 | 15 | |

2– विज्ञापित 48 पदों में से 02 पद विकलांग कोटा क्रमांक (03) में ( OL/HH ) तथा 02 पद क्रमांक 8 में भूतपूर्व सैनिक व सेवा के जवानों के बच्चों हेतु आरक्षित है।

3– नियमानुसार भूतपूर्व सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों सेवा के जवानों के बच्चों, सेवाकाल में मृत/ विकलांग हुये सैनिकों के बच्चों के लिये आरक्षण देय है। सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करें।

4– शैक्षिक अर्हता– मान्यता प्राप्त बोर्ड से आईटीआई+हाईस्कूल में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।

5– आयु सीमा – आवेदन की अंतिम तिथि ( 25.11.17 ) को आयु 15 वर्ष से 24 वर्ष के बीच अर्थात अधिकतम 24 वर्ष होनी चाहिए। आयु सीमा में अनु0जाति/अनु0 जनजाति को 05 वर्ष एवं अपिव0 को 03 वर्ष की छूट देय होगी। विकलांग अभ्यर्थियों को आयु में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट देय हैं।

6– पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी वांछित प्रपत्रों के साथ संलग्न करके मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्मिक) पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर बरेली पिन कोड– 243122 के पते पर पंजीकृत डाक (स्पीड पोस्ट) अथवा साधारण डाक द्वारा भेजा जा सकता है या म0रे0प्र0 (का0) कार्यालय के ई0जी0आर0एस0 कक्ष के माध्यम से दि0 25.11.17 तक जमा किया जा सकता है। **लिफाफे पर आवेदक का नाम, विज्ञापन संख्या एवं एक्ट अप्रेन्टिस प्रशिक्षु चयन हेतु आवेदन पत्र** अवश्य लिखा होना चाहिये। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र जमा करने की सुविधा के लिये एक मुहरबन्द बाक्स मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्मिक) कार्यालय में रखा जायेगा, जिसमें निर्धारित तिथि से पूर्व मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्मिक) कार्यालय की कार्य अवधि में अन्तर्गत लिफाफा डाला जा सकता है। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

7– उम्मीदवारों को आवेदन पत्र के साथ 100/– ( एक सौ रूपये ) मात्र का पोस्टल ऑर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट, ( Not refundable) जो FA & CAO NE Railway ( paybable at bareilly) के पक्ष में देय हो, संलग्न करें। इस शुल्क से अजा/अजजा/शारीरिक रूप से विकलांग एवं महिला उम्मीदवारों को छूट होगी।

8– आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को आश्वस्त होना चाहिये कि वे न्यूनतम शैक्षिक योग्यता/ अर्हता पूर्ण करते हो।

9– आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी शैक्षणिक व अन्य वांछित प्रपत्र राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित होने चाहिए।

10– नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो ( राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित ) जिसे आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर चस्पा होना चाहिए।

**भर्ती प्रणालीः–**

11– एक्ट अप्रेन्टिस प्रशिक्षुओं का चयन आईटीआई+हाईस्कूल उत्तीर्ण के प्राप्तांको के अनुसार मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

12–आईटीआई+हाईस्कूल की मेरिट के आधार पर कुल विज्ञापित रिक्तियों का 1.5 गुणा उम्मीदवारों को सभी वांछित मूल प्रपत्रों के साथ दस्तावेजों के सत्यापन एवं शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा।

13– चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची दस्तावेजों के सत्यापन एवं चिकित्सा जांच के पश्चात जारी की जायेगी।

14–सत्यापन में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को आने–जाने एवं ठहरने की व्यवस्था में होने वाला व्यय स्वयं वहन करना होगा, इसके लिये रेलवे कोई धनराशि नहीं देगी।

15– रद्द अथवा अचयनित आवेदनों की कोई सूचना अभ्यर्थी को रेल प्रशासन द्वारा नहीं दी जायेगी।

**आवेदन पत्रों में निम्न कमियां पाये जाने पर उन्हें रद्द कर दिया जायेगा।**

16–विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप पर आवेदन न होने पर।

17– अधूरे/अस्पष्ट/ओवर राईटिंग/कटिंग किए हुए आवेदन।

18–न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के अभाव में एवं अहस्ताक्षरित आवेदन।

19– बैंक ड्राफ्ट/ पोस्टल ऑर्डर के बिना संलग्न प्राप्त आवेदन।

20–अधिसूचना जारी होने की तिथि के पूर्व के बैक ड्राफ्ट/ पोस्टल ऑर्डर के साथ प्राप्त आवेदन।

21– शैक्षिक योग्यता एवं आरक्षण के संबंधित प्रमाण पत्र के अभाव में।

22– अन्य कोई अनियमितता पाये जाने पर।

**ट्रेनिंग करारः–**

23– नियुक्त प्रशिक्षु के रूप में नियुक्ति अभ्यर्थी की आयु यदि 18 वर्ष से कम है तो उसके अभिभावक संविदा समझौता करेंगे।

24– प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को अप्रेन्टिस एक्ट 1961 के प्रावधान के अनुसार मासिक वृत्तिका देय होगी।

25– प्रशिक्षणार्थी अप्रेन्टिस एक्ट 1961 नियम के अन्तर्गत जो भी शर्ते होंगी, मानने के लिये बाध्य होगा तथा इस नियम के अन्तर्गत दी गयी शर्तो के उल्लंघन की स्थिति में प्रशिक्षण से वंचित कर दिया जायेगा तथा इन्हें प्रशिक्षण पर व्यय किये गये धनराशि का भुगतान करना होगा। इसके अतिरिक्त यदि प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थी का आचरण उत्तम नहीं पाया जायेगा तो भी उसे प्रशिक्षण से वंचित कर दिया जायेगा तथा उसे प्रशिक्षण का व्यय वहन करना पड़ेगा। इस बारे में रेल प्रशासन का निर्णय अन्तिम होगा।

26– प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षणार्थी को मात्र प्रशिक्षण पूरा करने के आधार पर रेलवे में नौकरी प्राप्त करने का अधिकार नहीं होगा।

27– किसी भी अभ्यर्थी का चयन रेल प्रशासन किंसी भी समय रद्द कर सकता है और इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार/ साक्षात्कार मान्य नहीं होगा। रेल प्रशासन का निर्णय अन्तिम होगा।

28– डाक द्वारा भेजी गयी सूचना नहीं मिलने पर भी रेल प्रशासन का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

29 चयनित अभ्यर्थियों की सूची मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्मिक) पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर के सूचना पट्ट पर चस्पा कर प्रकाशित की जायेगी।

30– यदि कोई अपने चयन के लिये किसी प्रकार की पैरवी स्वयं अथवा किसी अन्य माध्यम से करायेगा तो उसकी पात्रता रद्द कर दी जायेगी।

31– फार्म जमा करने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी सभी अहर्ता पूर्ण करते हों, अन्यथा उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

32– उक्त अधिसूचना पूर्वोत्तर रेलवे के बेवसाइट WWW.nerindianrailways.gov.in पर उपलबध है।

33– आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25.11.17 है।

संलग्न– (आवेदन पत्र एवं घोषणा पत्र का प्रारूप)

(सहायक कार्मिक अधिकारी)
कृते मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्मिक)
इज्जतनगर

सं0–का/281/एक्ट अप्रेन्टिस/यां/डीजलशेड/III दि0 27.10.17
प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1– महाप्रबन्धक/ (कार्मिक)/गोरखपुर
2– सभी विभागाध्यक्ष/ पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर
3– मण्डल रेल प्रबन्धक/ वाराणसी, लखनऊ एवं इज्जतनगर
4– मुख्य कारखाना प्रबन्धक/ पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर
5– मुख्य कारखाना प्रबन्धक सिगनल कारखाना/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर छा0
6– मण्डल मंत्री/नरमू/ मण्डल कार्यालय/इज्जतनगर
7– उपमुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो/ इज्जतनगर
8– वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजी0/समाडि/पूर्वोत्तर रेलवे/ इज्जतनगर
9– मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी/गोरखपुर– कृपया समाचार पत्रों में तथा रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की व्यवस्था करायें।
10–जनसम्पर्क अधिकारी/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्ज्तनगर
11– क्षेत्रिय सेवायोजन अधिकारी, बरेली– आपसे अनुरोध है कि समुचित संख्या में पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निर्धारित तिथि से पूर्व भेजना सुनिश्चित करें।
12– रीजनल डायरेक्टर कम रीजनल सेन्ट्रल अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग, उघोग नगर 208022
13–समस्त प्रवर अनुभाग अभियन्ता/समाडि/इज्जतनगर

27/10/17
कृते मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्मिक)
इज्जतनगर